## खास खबरें

### फ्रांस के इस शहर ने मैडोना से मांगा 'उधार', कहा- प्लीज अपनी ये चीज दे दो



**एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच फ्रांस में हॉलीवुड सिंगर और ब्यूटी क्वीन मैडोना की जबरदस्त पूछ हो रही है। हर ओर बस मैडम मैडोना के चर्चे हैं, हालांकि इस बार वो अपने किसी एलबम या खूबसूरती के लिए नहीं, बल्कि अपने नायाब एंटीक्स के कलेक्शन को लेकर सुर्खियों में हैं। दरअसल नॉर्थ फ्रांस स्थित अमीन्स सिटी के मेयर ने मैडोना से पहले विश्व युद्ध के दौरान खोई हुई अपने शहर की एक 19वीं सदी की उस नायाब पेंटिंग को कुछ समय के लिए देने की गुजारिश की है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि उस पेटिंग को मैडोना ने खरीदा होगा।**

फ्रांस को ये पेंटिंग क्यों चाहिए इसका जवाब ये है कि वो अपने देश को यूरोप की सांस्क्रतिक राजधानी बनाने के सपने को पूरा करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ा सकें। जेरोम-मार्टिन लैंग्लॉइस द्वारा बनाई गई इस पेंटिंग को 'डायना एंड एंडिमियन' पेंटिंग का नाम दिया गया है। जिसमें रोमन देवी डायना को सुंदर देवता एंडीमियन को प्यार से देखते हुए दिखाया गया है। इस पेंटिंग को आखिरी बार एमिएन्स के म्यूजियम में प्रदर्शित किया गया था, लेकिन साल 1918 में जर्मनी द्वारा इस शहर पर बमबारी के बाद ये बेशकीमती पेंटिंग खो गई थी। फ्रांसीसी न्यूज़ पेपर ले फिगारो के मुताबिक ये गुमशुदा और महान पेंटिंग साल 1989 में न्यूयॉर्क में हुए एक नीलामी समारोह ले जाई गई थी, जहां मैडोना ने इसे हासिल करने लिए 1 ।3 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था। फ्रांस ने मैडोना को अपनी गुजारिश के सिलसिले में पत्र भेजा है, इस सिलसिले में उन्हें ई-मेल भी किए गए। हालांकि अभी मैडोना या उनके प्रवक्ता की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

### भिखारी ने सैकड़ों सिगरेट एक मिनट में पी डाले, सिर्फ एक कश पीकर फेंकता रहा और फिर...



**भिखारियों के वीडियो सोशल मीडिया पर कई बार वायरल होते हैं और इसमें दिखता है कि वे भीख मांगते हुए कुछ अजीबोगरीब चीजें कर जाते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि एक भिखारी सिगरेट पी रहा है और एक ही बार कश लेकर उसे फेंक दे रहा है।**

दरअसल, इस वीडियो को एक यूजर ने ट्विटर पर शेयर किया है। इसमें कैप्शन दिया गया है कि यह दान किए गए पैसों से अय्याशी है या कुछ और है। वीडियो में दिख रहा है कि एक भिखारी सड़क के किनारे बैठा हुआ है, वह सिगरेट की डिब्बी से सिगरेट को निकाल रहा है और एक ही बार पी रहा है।

**सैंकड़ो सिगरेट की बरबादी**इसके बाद वह डिब्बे से दूसरा सिगरेट निकालता है और दूसरे को भी एक ही बार पीता है और सामने सड़क पर फेंक देता है। उसके सामने लगे ढेर को देख कर लग रहा है कि उसने कम से कम सौ सिगरेट इसी तरह फेंका हुआ है।

**अरेस्ट करने की मांग**-जैसे ही इसका वीडियो वायरल हुआ, लोग इसके ऊपर भड़क गए। कुछ लोग इसे भिखारी बता रहे हैं जबकि कुछ लोग इसे भिखारी नहीं बता रहे हैं। वही कुछ यूजर्स ने यह भी पूछा कि दूसरों से पैसा मांग कर उसको इस तरह अय्याशी में बहाना ठीक नहीं है। इसको अरेस्ट कर लिया जाना चाहिए।

# मक्का-मदीना के रेगिस्तान में आई हरियाली कयामत पर सच हो रही पैगंबर की भविष्यवाणी

रियाद

**दुनियाभर के करोड़ों मुसलमानों के दो सबसे पवित्र शहरों मक्का और मदीना के आसपास बहुत दुर्लभ घटना घटी है। सऊदी अरब के इन दोनों अहम शहरों के पहाड़ी इलाकों में रेगिस्तान के अंदर जमकर हरियाली देखने को मिल रही है। इस इलाके का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर शेयर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में यह हरियाली पिछले साल हुई जोरदार बारिश की वजह से हुई है। वहीं कई लोग इस चमत्कारिक घटना को हजारों साल से चली आ रही पैगंबर मोहम्मद की भविष्यवाणी से जोड़कर भी देख रहे हैं।**



गत वर्ष दिसंबर महीने में मक्का और मदीना शहरों के आसपास जमकर बारिश हुई थी। इससे दोनों ही शहरों के चारों ओर स्थित पहाड़ी और रेगिस्तानी इलाके में अब जमकर घास पैदा हुई है। इसके वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि ऊंट और अन्य जीव इन घासों को खा रहे हैं। सऊदी अरब अपने रेगिस्तान और बहुत ही गर्म मौसम के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां बारिश और हरियाली का दिखाई देना अपने आप में बहुत ही अनोखी घटना मानी जा रही है। यही नहीं इन घास के इलाकों को नासा के सैटेलाइट से भी देखा जा सकता है।

**पैगंबर की क्या थी भविष्यवाणी**-ब्रिटिश अखबार द सन की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोग कह रहे हैं कि यह कयामत के दिन के करीब आने का संकेत है, जब दुनिया खत्म हो जाएगी। कहा जाता है कि पैगंबर मोहम्मद ने 1400 साल पहले कहा था, अंतिम समय तब तक नहीं आएगा जब तक कि अरब की धरती घास के मैदान और नदियों से भर जाएगी। वहीं कई लोग इसे हाल ही में सऊदी अरब के हरियाली को बढ़ावा देने के कदम से जोड़कर देख रहे हैं। इस बीच जलवायु परिवर्तन के विशेषज्ञों का कहना है कि बहुत ज्यादा बारिश और अचानक आई बाढ़ संभवतः जलवायु में आ रहे बदलाव की वजह से हुआ है।

क्लाइमेट कनेक्ट संस्था के डायरेक्टर लियो मेयर ने कहा, आप आवश्यक रूप से यह नहीं कह सकते हैं कि सऊदी अरब में भारी बारिश की वजह जलवायु परिवर्तन है। मौसम हमेशा से ही बदलता रहा है लेकिन दुनियाभर में इस तरह का बहुत ही खराब मौसम पूरी दुनिया में बढ़ रहा है।% मक्का को इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र शहर माना जाता है। यहां गर्मियों में तापमान औसतन 41 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस दौरान से केवल 2 से 3 मिलीमीटर ही बारिश होती है।

**मुस्लिमों को बाढ़ के पानी से होकर गुजरना पड़ा**-गत दिसंबर महीने में बारिश अपने रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई और पूरे शहर में बाढ़ आने से हड़कंप मच गया था। काबा के दर्शन के लिए मक्का आने वाले मुस्लिमों को बाढ़ के पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा था। द सन की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया का अंत होगा या नहीं यह कहा नहीं जा सकता है लेकिन मक्का और मदीना के लिए यह हरियाली एक स्वागत वाली घटना है।

### इस भैंसे का स्पर्म है कीमती, मालिक बन गया करोड़पति

**थाईलैंड में एक भैंसा चर्चा का विषय बना हुआ है। यह भैंसा अपने मलिक की हर महीने होने वाली भारी भरकम आमदनी का कारण है। दरअसल इस जल भैंसे का वीर्य बेंच कर इसका मालिक हर महीने 25 लाख रुपए कमाता है। इस भैंसे के वीर्य का इस्तेमाल नस्ल सुधार के लिए करते हैं। ताकि भैंसों की आने वाली प्रजाति शक्तिशाली हो।**

मोंगकोल मोंगफेट मोटी कमाई कराने वाले अपने भैंसे को 'बिग बिलियन' बुलाते हैं। वह इसे प्रतियोगिताओं में लेकर जाते हैं। 'बिग बिलियन' कई प्रतियोगिताएं जीत भी चुका है। उनके पास ऐसे 20 भैंसें हैं। कलासिन शहर के निवासी मोगकोल का कहना है कि उनके 'बिग बिलियन' को खरीदने के इच्छुक लोगों की लाइन लगी हुई है। एक किसान ने तो इस भैंसे को खरीदने के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये की कीमत लगाई थी।

## नार्वे में मिला सबसे पुराना 'शिलालेख' 2000 साल पुराने पत्थर से खुलेंगे राज

ओस्लो

**नार्वे में पुरातत्वविदों ने एक नई खोज की है। पुरातत्वविदों के मुताबिक उन्होंने दुनिया के सबसे पुराने रूनस्टोन को खोजा है। रुनस्टोन ऐसे पत्थर होते हैं, जिन पर प्राचीन समय के इंसानों ने रूनी वर्णमाला को कुरेदा हो।**

शोधकर्ताओं के मुताबिक यह शिलालेख 2 हजार साल पुराना है और रूनी लेखन के गूढ़ इतिहास के शुरुआती दिनों का है। ओस्लो में सांस्कृतिक इतिहास के संग्राहलय ने कहा कि भूरे रंग के बलुआ पत्थर के सपाट, चौकोर ब्लॉक में शिलालेखों को उकेरा गया है, जो स्कैंडिनेवियन शब्दों का पहला उदाहरण हो सकता है। म्यूजियम की ओर से कहा गया कि यह सबसे पुराने शिलालेखों में से एक है। यह दुनिया का सबसे पुराना डेटा योग्य रूनस्टोन है। ओस्लो यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्रिस्टेल जल्मिर के मुताबिक, %यह खोज हमें प्रारंभिक लौह युग में रून्स के उपयोग के बारे में बहुत कुछ ज्ञान देता है। यह नार्वे और स्कैंडेनेविया में पत्थर पर रूनी वर्णमाला के इस्तेमाल का पहला प्रयास हो सकता है। रूनी वर्णमाला पहले भी अन्य चीजों पर उकेरी हुई मिल चुकी हैं, लेकिन किसी पत्थर पर यह पहली बार मिली है। डेनमार्क में एक हड्डी के कंघे पर यह मिल चुकी है। जिल्मर ने कहा कि चाकू या सुई की नोक का इस्तेमाल कर इन्हें उकेरा गया होगा। 2021 के अंत में नार्वे की राजधानी ओस्लो के पश्चिम में टायरिफजॉर्ड के पास एक कब्र की खुदाई के दौरान रूनस्टोन की खोज हुई थी।

## भारत की इस छोटी बच्ची ने 'शतरंज' में बनाया ऐसा रिकॉर्ड जिसे दुनिया में कोई नहीं कर पाया

नई दिल्ली।

**पुडुचेरी की एक लड़की ने सबसे तेज शतरंज के मोहरों को बोर्ड पर रखा, और यह विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। पुडुचेरी की इस लड़की ने एक समय में एक शतरंज सेट को व्यवस्थित करने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा सबसे कम समय के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। ऐसा करते हुए उनका एक वीडियो सामने आया है।**

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट ने एस ओडेलिया जैस्मीन का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह तेजी से शतरंज के सेट को मैट पर बिछा रही है।




उसने 29.85 सेकंड में सबसे तेज समय में शतरंज सेट को अरेंज करके रिकॉर्ड बनाया।

वीडियो के बैकग्राउंड में टंगे बैनर से यह पता चलता है कि यह रिकॉर्ड 2021 में बनाया गया था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट 20 जुलाई 2021 की तारीख की पुष्टि करती है। एस ओडेलिया जैस्मीन का सबसे बड़ा सपना इस खिताब को हासिल करना था। उसने इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए पूरा एक साल अभ्यास किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने कहा कि यह शीर्षक पहले चार अन्य लोगों के पास था। डेविड रश (यूएसए) ने 2021 में 30.31 सेकंड, नकुल रामास्वामी (यूएसए) ने 2019 में 31।55 सेकंड, अल्वा वेई (यूएसए) ने 2015 में 32.42 सेकंड और डालीबोर जाब्लानोविक (सर्बिया) ने 2014 में 34.20 सेकंड के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## दुनिया के सबसे लंबे विमान ने भरी रेकॉर्ड उड़ान, फुटबॉल के मैदान से भी बड़ा है पंख

कैलिफोर्निया



दुनिया के सबसे बड़े विमान ने 6 घंटे की रेकॉर्ड उड़ान भरी है। इस विमान का आकार 383 फुट का है जो एक फुटबॉल के मैदान से भी बड़ा है। इस विमान ने कैलिफोर्निया के मोजावे रेगिस्तान में उड़ान भरी है। इस विमान को स्ट्रोटोलॉन्च आरओसी कैरियर प्लेन नाम से जाना जाता है और शुक्रवार को उसने दूसरी परीक्षण उड़ान भरी है। इस दौरान टालोन-ए टेस्ट वीइकल भी उसके साथ गया था। टालोन ए एक 28 फुट लंबा फिर से इस्तेमाल किया जाने वाला टेस्ट एयरक्राफ्ट है जो पेलोड को हाइपरसोनिक स्पीड से ले जा सकता है।

यह उड़ान कंपनी की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है ताकि टालोन-ए के इस साल के पहले छह महीने में सेपरेशन टेस्ट और पहली हाइपरसोनिक फ्लाइट को पूरा किया जा सके। शुक्रवार को हुई उड़ान का मकसद टेस्ट वीइकल के अलग होने के माहौल का परीक्षण करना था। मोलावे इलाके में इस विमान की उड़ान को पहली बार आयोजित किया गया है। कंपनी के सीईओ और अध्यक्ष जाचरी क्रेवोर ने एक बयान जारी करके कहा, %हमारी शानदार टीम हमारे परीक्षण की समय सीमा की दिशा में लगातार प्रगति कर रही है।

**विमान का वजन बिना किसी कार्गो के 5 लाख पाउंड**-जाचरी ने कहा कि हमारी कड़ी मेहनत का परिणाम है कि हम सुरक्षित तरीके से वीइकल को अलग करने और पहली हाइपरसोनिक फ्लाइट टेस्ट की दिशा में बहुत करीब पहुंच गए हैं। टालोन-ए रॉकेट से संचालित टालोन वीइकल है जिसे स्ट्रेटोलांच की ओर से विकसित किया गया है। यह मैक 6 या ध्वनि की 6 गुना रफ्तार से उड़ान भर सकता है। अब यह कंपनी टालोन-ए प्रोटोटाइप को प्रशांत महासागर में दिसंबर में टेस्ट करने जा रही है। अगर यह सफल रहता है तो वह अपना पहला हाइपरसोनिक टेस्ट वीइकल टालोन-ए टीए-1 को ले आएगी।

स्ट्रेटोलॉन्च फुटबॉल के मैदान से ज्यादा लंबा है। इसका वजन बिना किसी कार्गो के 5 लाख पाउंड है लेकिन यह अधिकतम 13 लाख पाउंड के साथ उड़ान भर सकता है। यह विमान 28 पहियों की मदद से उड़ान भरता है। जब यह हवा में होता है तो इसे 6 बोइंग 747 इंजन से ताकत मिलती है।

### साड़ी पहनकर 80 साल की बुजुर्ग महिला ने मैराथन में लगाई दौड़



**नई दिल्ली। भारती की पोती डिंपल मेहता फर्नांडिस ने अपने मैराथन में दौड़ने का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया ताकि उनके परिवार और दोस्त इसे देख सकें।**

भारती नाम की एक बुजुर्ग महिला राष्ट्रीय ध्वज के साथ साड़ी और एक जोड़ी जूते पहनकर मैराथन दौड़ती हुई दिखाई दे रही हैं। भारती ने 51 मिनट में 4।2 किलोमीटर दौड़ लगाई। डिंपल ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, इस रविवार को टाटा मैराथन में भाग लेने वाली मेरी 80 वर्षीय नानी की दृढ़ इच्छाशक्ति और धैर्य से बहुत प्रेरित हूं। वीडियो में एक इंटरव्यू का एक क्लिप भी है जिसमें वह कहती है कि वह छठी बार मैराथन दौड़ रही हैं और वह इसके लिए हर दिन अभ्यास करती हैं।

## आपका राशिफल 20 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक 3 4 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 6 8 9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक 2 6 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक 6 7 8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक 2 5 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

## स्पेशल खबर

*हॉस्पिटल में नर्स और डॉक्टर इस अनूठी शादी के साक्षी बने, नर्स ने इसे अस्पताल की सबसे अच्छी यादों में से एक करार दिया...*

# कैंसर के अंतिम चरण में महिला ने अपने 'दीवाने' से की शादी...

**टेक्सास के एक अस्पताल ने वो लम्हा जिया है जो हमेशा उसकी यादों में रहेगा। यह कहानी किसी फिल्म सरीखी है। हरमैन मेमोरियल सिटी मेडिकल सेंटर नाम के अस्पताल में हाल में एक महिला ने कैंसर की लास्ट स्टेज में शादी की। उसने उस शख्स को अपना जीवनसाथी बनाया जो उसे बेइंतहा प्यार करता है।**

हॉस्पिटल में हुई इस शादी में महिला ने आखिरी सांस तक अपने जीवनसाथी का साथ निभाने की कसम खाई। इस दौरान वह खास वीलचेयर पर थीं। हॉस्पिटल में नर्स और डॉक्टर इस अनूठी शादी के साक्षी बने। आईसीयू की एक नर्स ने इसे अस्पताल की सबसे अच्छी यादों में से एक करार दिया। दिलचस्प यह है कि इस शादी समारोह के बाद से ही महिला की हालत में सुधार होने लगा। उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।



नोरिना और रेमन नवेरो अपने कॉमन फ्रेंड्स के जरिये मिले थे। उन्होंने करीब 5 साल पहले डेटिंग शुरू की थी। दोनों अक्सर डांस करने जाते थे। धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां बढ़ती गईं। इसके बाद ही उन्होंने एहसास किया अब ताउम्र वे एक-दूसरे के साथ रहेंगे। हालांकि, जल्द ही उनके सामने कठिन समय आ गया। जनवरी 2020 में नोरिना को रेक्टल कैंसर होने के बारे में पता चला। यह चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। एक साल भी नहीं बीता कि दुनिया को कोरोना की महामारी ने अपनी आगोश में ले लिया। रेमन इस दौरान चट्टान की तरह नोरिना के साथ खड़े रहे। पूरी जिम्मेदारी से वह नोरिना को ट्रीटमेंट के लिए अस्पताल ले जाते रहे। जब उन्हें समय न मिलता तो वह अपनी बहन पर नोरिना की देखरेख का जिम्मा देकर आते।

**हर वक्त नोरिना के साथ रहे रेमन**-नोरिना बताती हैं कि रेमन ने एक सेकेंड भी यह एहसास नहीं होने दिया कि वह उनसे दूर हैं। इसने नोरिना के लिए बीमारी से लड़ना थोड़ा आसान बना दिया। यह और बात है कि रेमन भी कहते हैं कि नोरिना उनका बहुत ख्याल रखती हैं। समय गुजरने के साथ इस साल नवंबर में नोरिना की हालत बद से बदतर हो गई। इसके बाद नोरिना को टेक्सास स्थित हरमैन मेमोरियल सिटी मेडिकल सेंटर के मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट कराया गया। डॉक्टरों ने रेमन को बताया कि नोरिना की हालत बहुत नाजुक है। वह कुछ भी होने के लिए तैयार रहें। पिछले एक साल से दोनों शादी करने की योजना बना रहे थे। उन्हें मैरिज लाइसेंस मिल चुका था। यह जानकर नोरिना के डॉक्टरों में से एक ने उनसे अपनी जिंदगी को तेज भगाने के लिए कहा। रेमन को आइडिया पसंद आया। उनके मन में ख्याल आया- क्यों न अस्पताल में ही शादी कर ली जाए अगली सुबह वह इस प्लान को एक्जीक्यूट करने के लिए उठे। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने नोरिना के माथे को चूमा और उसी दिन शादी के लिए तैयार हो जाने को कहा।